भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 3734

उत्तर देने की तारीख-24/03/2025

## हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों हेतु केंद्र सरकार की योजनाएं

**3734. डॉ. राजीव भारद्वाज:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यान्वित की जा रही केन्द्र सरकार की योजनाओं की जांच के लिए कोई केन्द्रीय दल भेजा गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त रिपोर्ट केन्द्र द्वारा भविष्य में बजट आवंटन का निर्णय लेने में सहायक होगी?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में क्रियान्वित की जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं की जांच के लिए ऐसी कोई टीम नहीं भेजी गई। तथापि, हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित अनुवर्ती और समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं, ताकि समग्र शिक्षा, स्टार्स, पीएम श्री, पीएम पोषण, उल्लास आदि जैसी विभिन्न योजनाओं और कार्यकलापों के कार्यान्वयन से संबंधित प्रगति और मामलों की निगरानी की जा सके।

इन समीक्षा बैठकों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और स्वायत्त निकायों के शिक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से भाग लेते हैं। ये बाधाओं के समाधान को सुगम बनाने, आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने, प्रगति और कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं।

वार्षिक योजनाएं राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर तैयार की जाती हैं और यह उनकी संबंधित वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) में परिलक्षित होती है। इन योजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन/अनुमान परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा योजना के कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों के अनुसार राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से किया जाता है।

*******